**संख्या:505/2021/2414/35-4-2021**

प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
प्रयागराज ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 16 दिसम्बर, 2021

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद- प्रयागराज की वि0स0 क्षेत्र-फूलपुर में निम्नलिखित कार्यों की रू. **301.26** लाख (जी0एस0टी0 सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 296.20 लाख (रूपये दो करोड़ छियान्नवे लाख बीस हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण तथा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कार्यदायी संस्था होगी:-

(लाख रू. में)

| | **कार्य का नाम** | **लम्बाई (मी0)** | **अनुमोदित लागत** | **अवमुक्त धनराशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दुबावल में उत्तम तिवारी के घर से गुलाब दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 120 | 6.90 | 6.90 |
| 2. | ढोंकरी में काली रोड से उत्तर शिव प्रसाद के घर से राम सुमेर पासी के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 200 | 11.30 | 11.30 |
| 3. | जमुनीपुर मुख्य मार्ग से जे0 एन0 मिश्रा के कालेज में अंजली गर्ल्स हास्टल तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 240 | 15.75 | 15.00 |
| 4. | रिठैया सरपतीपुर मुख्य मार्ग पर सोनकर बस्ती से प्रजापति बस्ती तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 200 | 11.13 | 11.13 |
| 5. | अदांवां रत्नेश सिंह के घर के बगल से अनु0 बस्ती होते हुए टंडन के घर तक व विनय सिंह के घर से हीरालाल के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 350 | 19.31 | 15.00 |
| 6. | सहसों लाला बाजार में महरौड़ा मार्ग तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 235 | 14.01 | 14.01 |
| 7. | बख्खोपुर मुख्य मार्ग से महादेव पटेल के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 160 | 11.84 | 11.84 |
| 8. | शेरडीह मनीलाल के घर से सूर्य प्रताप के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 100 | 06.01 | 06.01 |
| 9. | वारी मुख्य मार्ग से रामकिशुन के घर से अमरजीत बिंद के घर होते हुए बिंद बस्ती तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 200 | 11.28 | 11.28 |
| 10. | जगबंधन बभनकुइया मार्ग पर मुख्य मार्ग से अखिलेश के घर तक एवं चौरा से रविन्द्र सिंह वकील के घर से मगन के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 250 | 13.90 | 13.90 |
| 11. | गुलालपुर राम सुग् गन के पास से लाल बहादुर के घर होते हुए अमरजीत के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 200 | 11.11 | 11.11 |
| 12. | गुलालपुर मुख्य मार्ग पर राम सिंह के घर से राजेश मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 200 | 11.20 | 11.20 |
| 13 | सरायतकी प्रयागराज कालोनी से डा 0 दीपक द्विवेदी के घर से मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 100 | 06.66 | 06.66 |

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

| | कार्य का नाम | लम्बाई (मी0) | अनुमोदित लागत | अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 14 | सरायतकी झूंसी में मुख्य मार्ग से पुनीत वर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 120 | 08.03 | 08.03 |
| 15 | चकबुददी सुरेश के घर से मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 100 | 05.74 | 05.74 |
| 16 | कौड़रू दुईपेडिया में काली सड़क से शिवफल के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 200 | 11.12 | 11.12 |
| 17 | चिखड़ी मुख्य मार्ग से डा 0 रोहित के घर से प्रेमचन् द्र के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 250 | 14.31 | 14.31 |
| 18 | कांदीपुर बुढिया माई मन्दिर से चिन्ता पटेल के घर होते हुए प्यारे लाल प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 200 | 11.51 | 11.51 |
| 19 | रामगढ़ कोठारी सुनील शुक्ला के घर से संदीप शुक्ला के घर होते हुए नीरज शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 130 | 07.93 | 07.93 |
| 20 | दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर में रामसूरत के घर से दुर्गा प्रसाद के मंदिर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 120 | 06.83 | 06.83 |
| 21 | खोदायपुर में पक्की सड़क से कृष्ण राज पाल के घर के पास तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 060 | 03.43 | 03.43 |
| 22 | देवनहरी संजयबाली के घर से मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 100 | 05.75 | 05.75 |
| 23 | बंधवा ताहिरपुर जीतपाल त्रिपाठी के घर से पप्पू मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 100 | 06.75 | 06.75 |
| 24 | भोजकापुर तालाब के किनारे से शैलेन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 060 | 03.80 | 03.80 |
| 25 | पटेल नगर बरियारी मुख्य मार्ग पर महेशपुर डा 0 इन्द्रेश सिंह के घर से आजाद मास्टर के घर होते हुए हिमांशु के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 130 | 07.36 | 07.36 |
| 26 | चकिया घरहरा मुख्य मार्ग से शेषमणि पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 130 | 07.66 | 07.66 |
| 27 | वैष् णव नगर बंधवा ताहिरपुर देव डेली डोज से उत्तर बृजेश द्विवेदी के घर से ओझा जी के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 080 | 05.45 | 05.45 |
| 28 | विरागापुर राम करन सिंह के घर से लल्लन विश्वकर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 190 | 10.67 | 10.67 |
| 29 | पटेल नगर बरियारी मुख्य मार्ग पर शेरडीह पाल बस्ती से स्व 0 राम कैलाश पाल संस्थापक जी के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 100 | 06.07 | 06.07 |
| 30 | बंधवा ताहिरपुर वल्लभनगर सम्पर्क मार्ग से महेन्द्र दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 080 | 05.35 | 05.35 |
| 31 | गारापुर झूंसी मार्ग पर नीबी होलई स्थल से आगे मार्ग तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 100 | 05.72 | 05.72 |
| 32 | रमईपुर प्रा0 स्कूल के बगल इण्टरलाकिंग से करनपुर मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 160 | 08.85 | 08.85 |
| 33 | करनपुर प्रा0 पा0 से ब्राहम्मन बस्ती होते हुए अनु0 बस्ती तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 150 | 08.53 | 08.53 |
| | **योग** | **5115** | **301.26** | **296.20** |

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
3. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी।
4. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
5. कार्यों का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्यों के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार एवं मार्ग की लम्बाई में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियॉ इस्तेमाल करना इत्यादि, सक्षम स्तर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
6. कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
7. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
8. त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर,2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
9. प्रश्नगत कार्यो के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।
10. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार किये जायेंगे।
11. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या- 1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
12. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्यों हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
13. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्यों हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
14. परियोजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
15. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
16. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च,2022 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2022 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2022 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
17. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2022 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।
18. कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
19. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।

20. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा ।
21. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
22. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।
23. प्रयोजनान्तर्गत 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 अनुमन्य कर दी गई है। कार्यदायी संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी0एस0टी0 सम्मिलित न हो।
24. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
25. कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त की जायेगी वह 02 माह की आवश्यकता के अनुसार होनी चाहिए। कार्यदायी संस्था को पूर्व में दी गई धनराशि के 75 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरान्त अगले 02 माह के लिए पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जायेगी एवं वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2021 में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**2-** उपर्युक्त कार्य पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-0301-ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़को के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

**3-** यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-5-2752/दस-2021 दिनांक: 16 दिसम्बर, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे )
विशेष सचिव।

संख्या:**505/2021/2414**(1)/35-4-2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज(इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, प्रयागराज ।
8- प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग।
9- मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज ।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, प्रयागराज ।
13- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज ।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

( ऋषिकेश दुबे )
विशेष सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in